हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक

# भव्य प्रभात

खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 17, अंक 119 | 27 अप्रैल 2024 शनिवार हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

### 'बैलेट पेपर लूटने वालों का सपना चकनाचूर हुआ', सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोले पीएम

# ईवीएम को बदनाम कर रहा विपक्ष

**● शायद मेरा पिछला जन्म बंगाल में हुआ...मालदा की रैली में ऐसा क्यों बोले पीएम मोदी?**

**● पीएम मोदी बोले- कर्नाटक की तरह देश से ओबीसी का हक छीन मुसलमानों को देगी कांग्रेस**




अररिया,(एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार के मुस्लिम बहुल सीमांचल के कुछ हिस्सों में मतदान हो रहा है। सीमांचल के ही एक जिले अररिया में पीएम मोदी ने जनसभा में साफ कहा कि कांग्रेस ओबीसी का हक मुसलमानों को देने की साजिश रच रही। बिहार में मुस्लिम बहुल सीमांचल–कोसी की तीन सीटों किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार के साथ पांच लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान हो रहा था। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीमांचल के ही अररिया जिले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस संबोधन में उन्होंने कांग्रेस की तुष्टिकरण पर प्रहार करते हुए कर्नाटक के वाकये को जनता के सामने लाया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में चुपके से अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर हकमारी के लिए इसमें मुसलमानों को शामिल करा दिया और अब वह पूरे देश में इसे लागू करना चाहती है। वह इसके बाद अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति की भी ऐसी हकमारी करेगी। कांग्रेस मूलतरू देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहती है। कर्नाटक का वाकया बताया, राजद पर भी हमला बोला पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहती है। कर्नाटक में कांग्रेस ने ओबीसी समाज के 27 प्रतिशत कोटे को चोरी करने का खेल खेला है। इनके कोटे से आरक्षण काटकर पर्दे के पीछे खेल खेला है। ओबीसी समाज के आंखों में धूल झोंककर रातों–रात मुस्लिम समाज के अगड़े–अमीरों को ओबीसी बना दिया। परिणाम यह हुआ कि ओबीसी समाज का बहुत बड़ा हक मुस्लिमों के खाते में चला गया। उनके साथ बहुत बड़ा खेल खेला है। बिहार में भी कांग्रेस यही खेल खेलना चाहती है। बिहार में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल इस साजिश में उसके साथ है। राजद उसका समर्थन कर रहा। राजद ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है। वह देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का बताते हैं पीएम मोदी ने कहा कि बिहारवासियों से मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप ओबीसी के हक को लूटने देंगे? इनकी नजर ओबीसी के हक पर है। आने वाले समय में कांग्रेस और राजद इसी तरह से एससी–एसटी के हक को छीनने का काम करेगी। तुष्टिकरण के दलदल में कांग्रेस और राजद इतनी धंस गई है कि यह लोग बाबा साहेब के संविधान की परवाह नहीं कर रहे हैं। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में कांग्रेस ने ओबीसी कोटे पर डाका डालकर धर्म के आधार आरक्षण देने की कोशिश की थी। उस वक्त कोर्ट ने रोक लिया। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह का एक और पुराना वीडियो सामने आया, जिसमें वह कह रहे कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मीडिया से भी प्रधानमंत्री मोदी ने की अपील– वह वीडियो दिखाएं यह वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस वालों को सांप सूंघ गया है। जो मीडिया पहले के बयानों को गलत ठहरा रही थी, उसने भी चुप्पी साध ली है। बिना सबूत के विपक्षी दल हमारी सरकार पर हमला कर रहे थे। आज फिर से वीडियो सामने आ गया है। मीडिया से अपील है कि वह देश को डॉ. मनमोहन सिंह का यह वीडियो दिखाए। देश को जानने का हक है कि उन लोगों ने किस मानसिकता से 10 साल तक सरकार चलाई थी।


## 'हिम्मत है तो कन्नौज की बजाय बनारस से लड़ें चुनाव'

वाराणसी,(एजेंसी)। डॉ. पल्लवी ने कहा कि न्याय यात्रा में मैं बनारस में राहुल गांधी के साथ थी। उन्हें बताया कि किसानों की जमीन लूटी जा रही है। बुनकरों का हक मारा जा रहा है। नौजवानों के हाथ में काम नहीं है। मगर, राहुल गांधी को कुछ नहीं दिखा। उन्हें बनारस में शराब पीते कुछ लोग ही दिखे। बुनकर कॉलोनी के मैदान, नाटी इमली में अपना दल कमेरावादी की विधायक



डॉ. पल्लवी पटेल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है तो बनारस आकर चुनाव लड़ें, हम समर्थन देंगे। कन्नौज का रुख क्यों कर रहे हैं। हिम्मत होती तो खुद सामने उतरते। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता को न उतारते। डॉ. पल्लवी पटेल ने कहा कि हमारी क्या गलती थी। राज्यसभा की तीन सीटें थीं। हमने कहा कि पिछड़ा, दलित और मुसलमान प्रत्याशी क्यों नहीं हो सकते। उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए। , लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए। वह वही हैं जिसके खिलाफ खनन घोटाले की जांच है और आय से अधिक संपत्ति का मामला चल रहा है। 2014 से अब तक के चुनाव में उनके साथ पिछड़ा, दलित और मुसलमान साथ खड़ा रहा। मगर, वह सब हारते चलते गए। डॉ. पल्लवी ने कहा कि बीजेपी के राज में सबसे ज्यादा अत्याचार पिछड़ा, दलित और मुसलमान पर हुआ है। भाजपा भ्रष्टाचार का दलदल है। इस दौरान अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल, प्रमासपा के अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिंद, राष्ट्रीय उदय पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल पाल और गगन यादव सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## 'पूरी नहीं होने देंगे कांग्रेस की मंशा'




**● अमित शाह बोले- हम उत्तराखंड में यूसीसी लाए हैं, देश भर में भी लागू करेंगे**

भोपाल,(एजेंसी)। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है। हमारे मध्य प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को ध्यान से पढ़िए। मध्य प्रदेश के गुना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। मोदी जी ने देश में 1 करोड़ लखपति दीदी बनाई है, ये चुनाव और 3 करोड़ माताओं को लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 10 साल में देश के करोड़ों गरीबों के लिए ढेर सारे काम किए हैं। साथ ही मोदी जी ने कुछ ऐतिहासिक काम भी किए हैं। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है। हमारे मध्य प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को ध्यान से पढ़िए। उन्होंने कहा है कि हम पर्सनल लॉ को फिर से लागू करेंगे। ये (कांग्रेस) मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं। आप ये बताइए, क्या ये देश शरिया से चल सकता है? राहुल बाबा, आपको तुष्टिकरण के लिए जो करना है, वो करो। लेकिन जब तक भाजपा है, हम पर्सनल लॉ नहीं लाने देंगे। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि ये देश UCC से चलेगा, ये हमारे संविधान की स्पिरिट है। हम उत्तराखंड में UCC लाए हैं और नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है कि हम देश भर में UCC को लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने इस देश के विकास में सबसे पहली प्राथमिकता SC, ST और OBC को दी है। लेकिन, कांग्रेस कहती है कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है। कांग्रेस की मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे।

# सी-विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

## ● शिकायत दर्ज करने के साथ फोटो वीडियो कर सकते है अपलोड ● १०० मिनट में होगी कार्यवाही




(भव्य प्रभात)
हाथरस । लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता का पालन करने हेतु आयोग के कड़े निर्देश है साथ ही प्रत्येक जनपद में आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 से प्रभावी है। जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत मा0 आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी–विजिल एप विकसित किया गया है।
सी–विजिल एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी–विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से सी–विजिल सिटीजन एप डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज करने के साथ फोटो वीडियो अपलोड की जा सकती है। सी–विजिल एप एक जी.आइ.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है।
सी–विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायत को प्रत्येक दशा में 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायतकर्ता के सी–विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर आनलाइन शिकायत हेतु मा0 आयोग द्वारा विकसित सी–विजिल एप का प्रयोग करें।

# १६ वर्षीय किशोरी ने अपने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

(भव्य प्रभात)
हाथरस। कस्बा मुरसान के एक मौहल्ले में 16 वर्षीय किशोरी ने अपने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया था। सूचना मिलते ही मुरसान कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार मौके पर पहुंच गये थे उन्होंने मृतिका के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। बताते है कि मुरसान के मौहल्ला छिपेटी निवासी अशोक रोजाना की तरह बृहस्पतिवार की सुबह मजदूरी करने मथुरा गया था। जब वह मथुरा से घर शाम के समय वापस लौटा तो घर के अंदर उसकी 16 वर्षीय पुत्री कमरे में फांसी के फंदे लटकी हुई थी। यह देख उसके होश उड गये थे। शोर शराबा होने पर मौहल्ले के लोगो की भीड एकत्रित हो गयी थी। बताते है कि अशोक मजदूरी करने मथुरा जाता था। उसकी पत्नी मायके गयी थी। घर के अंदर उसकी पुत्री अकेली थी। पुत्री ने फांसी कब लगायी यह किसी को पता नही है और परिवार के लोगो को यह भी नहीं पता कि पुत्री ने फासी लगाकर आत्महत्या क्यों की है। कोतवाली निरीक्षक मनोज कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और इस मामले की गहरायी से छानबीन कर रहे है। जनपद में नाबालिग किशोर और किशोरियों द्वारा आये दिन आत्महत्या की जा रहीं है।

# दून पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय शिविर में मंकी ब्रिज पर चढ़ने एवं चलने की कला भी सिखायी

(भव्य प्रभात)
हाथरस। दून पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय शिविर के दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य जेके अग्रवाल के दिशा–निर्देशन में दूसरे दिन स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षक विकास व शुभम ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के टेंट, मंकी ब्रिज बनाने की कला सिखागी। टेंट बनाते समय उसमें लगने वाले अलग–अलग बंधनों की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने इसको बारीकी से सीखा।
मंकी ब्रिज पर चढ़ने एवं चलने की कला भी सिखायी गयी। प्रधानाचार्य जेके अग्रवाल ने कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग से विद्यार्थियों में चार प्रकार के उद्देश्यों चरित्र का गठन, दूसरा अच्छे स्वास्थ्य की आदतों का निर्माण, तीसरा हस्तकला में पारंगत एवं उपयोगी कौशलों का विकास व चौथा कुशलता पूर्वक सेवा की उचित भावना जाग्रत होना। इन लक्ष्यों का पीछा करने से छात्र–छात्राओं में अच्छी नागरिकता का विकास होता है।

## थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा ०१ अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से ०१ अवैध तमंचा व ०१ जिन्दा कारतूस ३१५ बोर बरामद

हाथरस। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 अभियुक्त मंजीत कुमार पुत्र नेशपाल सिंह निवासी महमूदपुर असदपुर थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राराऊ पर मु0अ0सं0 300/24 धारा 3/9/25 आर्म्स एक्ट मे आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार सिंह थाना सिकन्द्राराऊ रहे।

## थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा ०१ अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से ०१ अवैध तमंचा एवं ०१ जिन्दा कारतूस व ०१ खोखा कारतूस १२ बोर बरामद

हाथरस। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 अभियुक्त राहुल पुत्र भिक्कोमल उर्फ भिक्को निवासी कैलाशनगर थाना हाथरस गेट को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा एवं 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद हुए है । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाथरस गेट पर मु0अ0सं0 226/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृतआवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।
गिरफ्तार अभियुक्त राहुल के विरूद्ध जनपद में हत्या, लूट, मारपीट, आर्म्स एक्ट, 7 सीएलए एक्ट आदि धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत है । जो पूर्व में जेल भी जा चुका है ।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:- bhavyaprabhat@gmail.com
**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक, लेटर पैड, पम्पलेट
पोस्टर, शादी कार्ड, अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग, अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# अलीगढ़ में हुआ ५६.६२ प्रतिशत मतदान

अलीगढ़। अलीगढ़ लोकसभा सीट के लिए कोल, शहर, अतरौली, खैर और बरौली विधानसभा में मतदान हुआ। 14 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई। 4 जून को मतगणना होगी।
18वीं लोकसभा के लिए दूसरे चरण में अलीगढ़ लोकसभा सीट पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। वोटिंग की समाप्ति पर 56.62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान केंद्र पर महिलाओं ने जमकर जोश दिखाया और मतदान किया। एडीजी जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ, अलीगढ़ आईजी शलभ माथुर एवं आयुक्त अलीगढ़ मंडल चौत्रा वी. ने अलीगढ़ विधानसभा में जाकिर हुसैन स्कूल, मालवीय पुस्तकालय, प्राथमिक विद्यालय देहलीगेट, चिरंजीलाल इंटर कॉलेज सासनी गेट, महेश्वरी गर्ल्स इंटर कॉलेज मदार गेट, चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल एवं खैर विधानसभा क्षेत्र में मदन मोहन मालवीय कालेज अण्डला, खैर इंटर कालेज, राष्ट्रीय इंटर कालेज में स्थापित मतदेय स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने मतदान दिवस पर भ्रमण कर पैनी निगाह बनाए रखी।



## लोकतंत्र के महापर्व में उत्साहित नजर आए बुजुर्ग से लेकर युवा



अलीगढ़।लोकतंत्र के महायज्ञ में सभी लोग बढ़ चढ़ कर अपनी अपनी आहुति प्रदान कर रहे हैं और इसी क्रम में सबसे ज्यादा उत्साहित वो युवा हैं जिन्हें लोकसभा चुनाव 2024में प्रथम बार वोट डालने का मौका मिला है।इधर पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले गगन अग्रवाल के अलावा सेजल जैन और परी जैन ने कहा कि आज वे काफी खुश और उत्साहित हैं क्योंकि उन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया और आज इस लोकतांत्रिक पर्व के महत्व को समझा।गगन अग्रवाल, सेजल जैन और परी जैन ने ये भी कहा कि अगर हम सही व्यक्ति को चुनेंगे तो देश का भविष्य उज्जवल होगा उन्होंने बताया कि भीड़ और गर्मी को देखते हुए वह सुबह ही पोलिंग बूथ पर पहुंचे और मतदान किया।वहीं होम्योपैथी के बुजुर्ग चिकित्सक डॉ. डी के वर्मा ने भी भोर की बेला में वोट डालकर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता का इजहार किया और ये बता दिया कि वह बुजुर्ग भी नौजवानों से कम नहीं।

## मुख्य मार्ग बदहाल होने पर ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

अलीगढ। खैर विधानसभा के गांव लालगढ़ी पोस्ट पलसेड़ा के बूथ संख्या 103 पर ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्य न होने व तीनों प्रमुख दलों के किसी भी प्रत्याशी द्वारा गांव का दौरा न करने पर मतदान का बहिष्कार किया। बहिष्कार की सूचना पर एसडीएम खैर, नायब तहसीलदार, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर करीब 11रू30 बजे मतदान शुरू कराया गया। गांव में कुल करीब 850 मतदाता है, जिनमें से 200 से अधिक ने मतदान किया है। जवां के हैवतपुर सिया गांव में मुख्य मार्ग बदहाल होने पर ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया। एसडीएम ग्रामीणों को समझाने के लिए गांव पहुंचे। दोपहर 12 बजे मतदान शुरू हुआ। साथा में चीनी मिल चालू न होने पर भी मतदान का बहिष्कार हुआ। मतदान 12 बजकर 30 मिनट पर शुरू हो पाया। वहीं सड़क को लेकर सीयपुर में भी ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर किया। वहां 12 बजे मतदान शुरू हुआ। दोनों बूथों पर गति धीमी रही।

# 59 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

(भव्य प्रभात)
हाथरस। थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से 39 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की है
पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण तथा बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों आशिफ पुत्र हबीब खाँ उर्फ सुनील निवासी सुजान थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस और बलू पुत्र रोशन सिंह निवासी सूरजपुरा थाना इरादतनगर जनपद आगरा को गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से 39 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–166/2024 धारा 60 एक्स एक्ट अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 श्री अब्दुल हाशिम थाना हाथरस जंक्शन , है0का0 295 प्रदीप कुमार थाना हाथरस जंक्शन, का0 576 विकास कुमार थाना हाथरस जंक्शन , का0 197 प्रदीप मलिक थाना हाथरस जंक्शन रहे।
थाना चंदपा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की है।
क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना चंदपा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त पवन कुमार पुत्र बलवीर सिंह निवासी केवलगढी थाना चंदपा को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चंदपा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 105/2024 धारा 60 एक्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम में उ0नि0 श्री मुनेश कुमार थाना चंदपा , का0 400 गौरव थाना चंदपा ,का0 567 राहुल कुमार थाना चंदपा रहे।

## थाना सासनी पुलिस द्वारा ०२ अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से ४० लीटर अवैध देशी शराब बरामद

हाथरस। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण तथा बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना सासनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों शिव कुमार पुत्र स्व0 रामू निवासी कस्बा व थाना मडराक जनपद अलीगढ और राकेश कुमार पुत्र शिवचरन निवासी कस्बा व थाना मडराक जनपद अलीगढ को गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से 40 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सासनी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 136/24 धारा 60 एक्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम में वरिष्ठ उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार सिंह थाना सासनी एवं का0 447 रविश कुमार थाना सासनी रहे।

## ०३ हिस्ट्रीशीटरों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके हिस्ट्रीशीट खाका किये नष्ट

(भव्य प्रभात)
हाथरस। पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लापता हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 03 हिस्ट्रीशीटरों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके हिस्ट्रीशीट खाका नष्ट किया गया है।
पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लापता हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर की निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 03 हिस्ट्रीशीटरों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके हिस्ट्रीशीट खाका नियमानुसार नष्ट कराए गये ।
हिस्ट्रीशीटरों का नाम व पता जिनके एचएस खाका नष्ट किये गये–
1– एचएस खाका न0 39ए योगेन्द्र उर्फ औघडिया पुत्र वाबूलाल निवासी लाला का नगला थाना कोतवाली नगर हाथरस ।
2– एचएस खाका न0 90 ए टिन्कू उर्फ चन्द्रपाल पुत्र मंगलसैन निवासी पीपल वाली गली बीएच मिल के पास नयागंज थाना कोतवाली नगर हाथरस ।
3– एचएस खाका न0 20 ए अशोक पुत्र दाऊदयाल ब्राह्मण निवासी कलवारी थाना कोतवाली नगर हाथरस ।

## कन्फेक्शनरी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

- ग्रामीणों द्वारा दमकल नही पहुचने पर दिखी नाराजगी
- आग लगने से लाखों के नुकसान होने का अनुमान

(भव्य प्रभात)
हाथरस । सादाबाद के बिसावर के पैठ बाजार में बीती रात करीब कन्फेक्शनरी की दुकान में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। आग लगने से आसपास हडकंप मच गया। रात करीब साढ़े दस बजे लोगों को दुकान के बाहर धुंआ उठता दिखाई दिया तो उन्होंने दुकानदार प्रशांत अग्रवाल को सूचना दी। मौके पर प्रशांत अग्रवाल व उसके परिजन पूर्व प्रधान विजयपाल सिंह पहुंच गए। आसपास के घरों से बाल्टियों द्वारा पानी से आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझने के बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। व्यापारियों का कहना है कि बिसावर में आए दिन दुकानों में आग लगने से लाखों का नुकसान होता है। फायर बिग्रेड की गाडियां कभी मौके पर कभी नहीं पहुंचती है। पूर्व प्रधान विजयपाल सिंह ने बताया कि अलीगढ़ मंडल की सबसे बड़ी पंचायत बिसावर बड़ा बाजार है।


## गैस सिलेंडर में लगी आग

हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्रीनगर निवासी करन शर्मा के घर में गैस सिल. डर में आग लग गयी थी। जिससे अफरा तफरी मच गई, परिवार के लोगों ने आसपास रहने वाले पड़ोसियों की मदद से जिस गैस सिलेंडर में आग लगी उसे किसी तरह घर के बाहर लाकर फेंक दिया और बाद जैसे तैसे आग पर काबू पाया।
गनीमत यह रही कि गैस सिलेंडर फटने से बच गया वरना बड़ा हादसा हो सकला था। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी।

# मैच में कोहली ने रचा इतिहास

## आईपीएल में 10 बार 400+ रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मैच में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जोरदार अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ आईपीएल 2024 में उनके 400 रन पूरे हो गए। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में किंग कोहली अर्धशतक पूरा करने के बाद आउट हो गए। उन्हें जयदेव उनादकट ने अपना शिकार बनाया। 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 43 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। इसी के साथ उनके इस सीजन में 400 से ज्यादा रन हो गए। स्टार बल्लेबाज ने आईपीएल के इस सीजन में अब तक नौ मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 145 के स्ट्राइक रेट से 430 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 40 चौके और 17 छक्के निकले हैं। दिलचस्प बात यह है कि 2011 से लगातार 10वीं बार विराट कोहली 400 रन बनाने में कामयाब हुए हैं। ऐसा करने वाले वह पहले बल्लेबाज बन गए। साल 2016 में उन्होंने सबसे ज्यादा 973 रन बनाए थे, यह आईपीएल के इतिहास में एक सीजन में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। आईपीएल इतिहास में विराट कोहली ने 10वीं बार 400 रन बनाए 2011 में 557 रन 2013 में 634 रन 2015 में 505 रन 2016 में 973 रन 2018 में 530 रन 2019 में 464 रन 2020 में 466 रन 2021 में 405 रन 2023 में 639 रन 2024 में 430 रन हैदराबाद में कोहली का रिकॉर्ड हैदराबाद में आरसीबी के पूर्व कप्तान का बल्ला जमकर गरजता है। इस मैदान पर आखिरी चार टी20 पारियों में टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज ने चार अर्धशतक लगाए। हैदराबाद के खिलाफ पिछले सीजन खेले गए मैच में विराट ने 63 गेंदों में 100 रन बनाए थे। हैदराबाद में कोहली की आखिरी चार टी20 पारियां 94′(50) बनाम वेस्टइंडीज 2019 63(48) बनाम ऑस्ट्रेलिया 2022 100(63) बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 2023 51(43) बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 2024 दरअसल, रजत पाटीदार (20 गेंदों में 50 रन) की विस्फोटक पारी और विराट कोहली (43 गेंदों में 51 रन) की संयमित अर्धशतकीय पारी से आरसीबी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 206 रन का स्कोर खड़ा किया। इस सत्र में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं था। लेकिन फॉर्म में चल रहा बल्लेबाजी लाइन अप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका जिससे टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी। आरसीबी को इस परिणाम की जरूरत थी जिसे अपने पहले आठ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा।




### गुकेश ने विश्वनाथन आनंद को दिया जीत का श्रेय, कहा- विशी सर नहीं होते तो आज जहां हूं उसके करीब नहीं होता

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुएबृहस्पतिवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते। 17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चौम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चौलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चौम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,''बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते।'' गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा ,'' सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है।'' उन्होंने कहा ,'' काफी अपेक्षायें हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि मेरी जीत के देश के लिये क्या मायने हैं। जोश से भरे बच्चों को इस तरह मेरा स्वागत करते देखकर अच्छा लगा। यह काफी खास है और मेरे लिये बहुत मायने रखता है।

### मुंबई सिटी एफसी ने एफसी गोवा के जबड़े से जीत छीनी

फातोर्दा। मुंबई सिटी एफसी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी सात मिनटों मे तीन गोल कर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के पहले चरण के सेमीफाइनल मैच में बुधवार को यहां एफसी गोवा को 3–2 से शिकस्त दी। गोवा के घरेलू मैदान पर मुम्बई सिटी 90वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ रही थी लेकिन लालियानजुआला छांगटे ने 90वें और 906वें जबकि विंगर विक्रम प्रताप सिंह ने 901वें मिनट में गोल करके पूरी बाजी पलट दी। छांगटे को दो गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच का पहला गोल 16वें मिनट में आया, जबबोरिस सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिला दी। कप्तान ब्रैंडन फर्नांडीस ने 56वें मिनट में गोवा की बढ़त दोगुनी कर दी। जब लग रहा था कि टीमआसानी से जीत की तरफ बढ़ रही है तब मुंबई सिटी ने पलक झपकते ही मैच का पासा पलट दिया। इस सेमीफाइनल मुकाबले का दूसरा चरण मंबई में सोमवार को खेला जायेगा।

### हर वो बल्ला मेरे पास है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा

दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही। क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाये हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा ,'' आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है।'' उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है। उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं और वह भी इस मौके पर मौजूद थे।

## बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स एक बार फिर 74,000 के पार

मुंबई। बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स करीब 487 अंक बढ़कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,550 के ऊपर बंद हुआ। बीएसई में शुरुआती कारोबार में बिकवाली का जोर रहा लेकिन बाद में यह उबरकर बढ़त लेने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक यानी 0.66 प्रतिशत चढ़कर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 718.31 अंक तक उछलकर 74,571.25 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 167.95 अंक यानी 0.75 प्रतिशत बढ़कर 22,570.35 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है जिसमें बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तेजी के इस दौर में सूचकांकों ने करीब 2.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। सेंसेक्स के समूह में शामिल एक्सिस बैंक के शेयरों ने छह प्रतिशत तक की बड़ी छलांग लगाई। बैंक के सकारात्मक तिमाही नतीजों से उसे निवेशकों का समर्थन मिला। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, नेस्ले, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल



भी बढ़त के साथ बंद हुईं। दूसरी तरफ रिजर्व बैंक की सख्त कार्रवाई से गुजरने के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में 10.85 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। रिजर्व बैंक ने आईटी मानकों का बार–बार उल्लंघन किए जाने पर कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल रोक दिया है। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, बजाज फाइनेंस, मारुति और एशियन पेंट्स के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की निचले स्तर पर बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बुधवार को मिलाजुला रुख देखा गया था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत चढ़कर 88.07 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,511.74 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। बुधवार को सेंसेक्स 114.49 अंक बढ़कर 73,852.94 अंक और निफ्टी 34.40 अंक बढ़कर 22,402.40 अंक पर बंद हुआ था।

## दिल्ली कैपिटल्स का सामना खराब फार्म से जूझ रही मुंबई से, शनिवार को होगी भिड़ंत

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जायेगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिये अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिये सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली। संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है।



# रवीना टंडन ने कहा....

## मैं फिल्मी ग्लैमर के मोह में कभी नहीं पड़ी, घर-परिवार भी देखना चाहती हूं

रवीना टंडन 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेसेस में से एक हैं. हाल ही में उनकी फिल्म श्पटना शुक्लाश ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसे लेकर वो लाइमलाइट में हैं. रवीना इस पिक्चर को जमकर प्रमोट कर रही हैं. इसी बीच एक इंटरव्यू में उन्होंने बीते दिनों को याद करते हुए फिल्म के सेट से किस्सा सुनाया है. 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन इन दिनों चर्चा में हैं. उनकी फिल्म 'पटना शुक्ला' 29 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी़ हॉटस्टार पर रिलीज हुई है. इसी बीच एक इंटरव्यू में उन्होंने बीते दिनों को याद किया है. फिल्मी करियर के दौरान उन्होंने कई फिल्मों को रिजेक्ट किया था. अब रवीना ने इसी बात का जिक्र करते हुए एक फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है. उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया है कि वो एक बार तो पिक्चर के डायरेक्टर पर भी भड़क गईं थीं.अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ऐसा क्या हो गया जिस वजह से रवीना और डायरेक्टर की झड़प हो गई. आपको जानकर हैरानी होगी कि इस बहस के बाद रवीना ने वो फिल्म ही छोड़ दी. क्या है पूरा मामला? चलिए जानते हैं. रवीना ने डायरेक्टर से किया ऐसा सवाल एक इंटरव्यू में रवीना ने बताया कि एक बार डायरेक्टर ने उन्हें उनकी इंटेलिजेंस की वजह से बेइज्जत कर दिया था. उन्होंने कहा "मुझे याद है मैंने एक फिल्म की थी. उस फिल्म में एक बच्चा था जो कोमा में था. वो सीन कुछ ऐसा था कि उसमें मां की एंट्री होती है और बच्चा उसे देखकर मम्मा-मम्मा-मम्मा बोलने लगता है. बस इसी सीन पर रवीना ने डायरेक्टर से ये सवाल कर डाला कि अगर कुछ समय पहले डायरेक्टर मुझे आकर ये कह रही है कि आपका बच्चा कोमा में है तो ये कैसे मुमकिन हो सकता है कि वो मुझे देखकर बोलने लग जाए." जब सेट से चले गए डायरेक्टर रवीना के इस सवाल से डायरेक्टर भड़क गए. उनके सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा "तुम मुझे डायरेक्ट करना मत सिखाओ." इसके जवाब में रवीना ने कहा "सर, लेकिन ये तो साइंटिफिक फैक्ट है. हम गलत नहीं कर सकते, लोग हमपर हंसेंगे." रवीना ने बताया कि इस घटना के बाद डायरेक्टर सेट छोड़ कर चले गए, जिसके बाद रवीना ने फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया. इंटरव्यूरू रवीना टंडन ने कहा- मैं फिल्मी ग्लैमर के मोह में कभी नहीं पड़ी, घर-परिवार भी देखना चाहती हूं रवीना टंडन अपकमिंग मूवी,रवीना टंडन फैमिली,ţंअममदं ंदकवद ंथ्उपसल रवीना टंडन ने 1991 में पत्थर के फूल फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वो अभी भी इस चकाचौंध भरी दुनिया का हिस्सा हैं। अब वो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपना दमखम दिखा रही हैं। उनकी पटना शुक्ला कुछ दिनों पहले ही रिलीज हुई... अपनी पिछली वेब सीरीज श्कर्मा कॉलिंगश में ग्रे शेड वाली रईस बॉलीवुड डीवा का किरदार निभाने वाली रवीना टंडन अपनी हालिया ओटीटी फिल्म श्पटना शुक्लाश में उससे बिल्कुल उलट एक नैतिकतावादी मिडिल क्लास पत्नी, मां और वकील के किरदार में दिखीं। ओटीटी पर अपने किरदारों के साथ खुलकर प्रयोग कर रहीं रवीना से हमने की खास बातचीतरूनब्बे के दशक वाली रवीना के मुकाबले ओटीटी पर अपनी दूसरी पारी में आप कहीं ज्यादा विविधतापूर्ण किरदार निभा रही हैं। क्या इसकी वजह ये है कि अब आपको कुछ साबित नहीं करना, किसी रेस... आपने हमेशा कहा है कि आपने कभी फिल्मों को आने का सपना नहीं देखा था, आपको कब ये अहसास हुआ कि सिनेमा आपका पैशन और प्यार है? बॉक्सरू आपकी बाद की पीढ़ी की अदाकाराओं दीपिका, अनुष्का, कंगना, विद्या आदि ने इंडस्ट्री में जेंडर को लेकर होने वाले भेदभाव पर आवाज उठाया और उसके बाद एक बदलाव भी दिखा। आपके दौर की अभिनेत्रियां इस मामले में क्यों खामोश रहीं? अक्षय कुमार अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना और बच्चों के साथ हैप्पी मैरिड लाइफ जी रहे हैं. लेकिन शादी से पहले उनके कई अफेयर्स रहे हैं जो किसी से ढके-छिपे नहीं हैं. ट्विंकल से पहले अक्षय कुमार का नाम कई बॉलीवुड हसीनाओं के साथ जुड़ा. इनमें रेखा, शिल्पा शेट्टी, प्रियंका चोपड़ा से लेकर रवीना टंडन तक का नाम शामिल है. रवीना टंडन से तो अक्षय कुमार ने सगाई भी कर ली थी लेकिन इसके बावजूद उनके कई हसीनाओं संग रिश्ते होने की खबरें सामने आईं. खुद रवीना ने इस बात का खुलासा किया था कि जिस समय वो अक्षय कुमार की गर्लफ्रेंड थी उस समय उन्होंने रेखा और सुष्मिता के साथ उन्हें रंगे हाथों पकड़ा था. अक्षय को सुष्मिता और रेखा के साथ रंगे हाथ पकड़ा! स्टारडस्ट मैगजीन को दिए एक पुराने इंटरव्यू में रवीना टंडन ने कहा था- श्जब अक्षय के दूसरे अफेयर हुआ करते थे तो मेरे पत्रकार दोस्त मुझे चेतावनी दिया करते थे. मैंने अक्षय को सुष्मिता और रेखा के साथ रंगे हाथ पकड़ा.श एक और इंटरव्यू में रवीना ने कहा था कि उनके लिए ईमानदारी मायने रखती है, लेकिन अक्षय के लिए ये अहम नहीं थी. एक्ट्रेस ने कहा था- श्वो उम्मीद करते थे कि हर बार मैं उन्हें माफ कर दूं. मैंने ऐसा तीन साल तक किया.श अक्षय ने किया था शादी के लिए प्रपोज रवीना टंडन ने बताया था कि 23 साल की उम्र में उनकी सगाई हो गई थी. उस वक्त वे अपने पिछले ब्रेकअप से उबर रही थीं और तब अक्षय ने उनसे शादी करने की ख्वाहिश का इजहार किया था. रवीना कहती हैं- श्मैंने उससे कहा कि मैं ऐसी लड़की नहीं हूं जिसके साथ तुम रहो, मौज करो और फिर छोड़ दो. तो उसने कहा कि मैं तुम्हारे घर मम्मी-पापा को भेजूंगा. उनके पैरेंट्स मेरे घर आए, मेरी फैमिली से मिले और ये अरेंज मैरिज जैसे हो गया।



## 'सर्किट' का रोल करना क्यों था मुश्किल?

राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' उनकी सफल फिल्मों में से एक है। फिल्म में संजय दत्त और अरशद वारसी लीड रोल में नजर आए हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अरशद ने बताया था कि फिल्म में उनका नाम 'सर्किट' ना रखकर 'खुजली' रखा जाना था। प्रभु चावला को दिए एक इंटरव्यू में अरशद वारसी ने 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में अपने रोल को लेकर मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया था कि, फिल्म में मेरे किरदार सर्किट का रियल नाम खुजली था। उसके कपड़े और हरकतें निभाए गए किरदार से बहुत अलग थीं। 'खुजली' नाम सुनते ही सबको लगता कि वो सिर्फ खुजाता रहता होगा। उससे ज्यादा वो क्या करेगा, तो वो पूरा पैकेज खराब हो जाता। अरशद ने डायरेक्टर राजकुमार हिरानी से उनके कैरेक्टर का नाम और कपड़ों को बदलने की सलाह दी थी। अरशद ने कहा- मैंने 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' की जो पहली पार्ट की थी, उसमें मुझे काफी कुछ सुधार करना पड़ा, क्योंकि उस समय राज कुमार हिरानी को मेरे सेंस ऑफ ह्यूमर के बारे में पता नहीं था और इसलिए मुझे बहुत कुछ सुधारना पड़ा था। वहीं संजय दत्त की तारीफ करते हुए अरशद ने कहा कि उन्होंने मेरे सुझाव का बहुत सपोर्ट किया था। उन्होंने कहा- मेरी और संजू की केमिस्ट्री अच्छी थी।

# मई जून में न बजेगी शहनाई और न होंगे मांगलिक कार्य

उरई/जालौन, (यूएनएस)। सूर्य के शुक्र राशि में चले जाने के कारण अप्रैल के बाद मई जून में शुभ मुहूर्त नहीं बन पा रहे है। इससे शादी विवाह में रुक गया है। इससे उन लोगों की सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है, जिनकी रोजी–रोटी विवाह समारोहों से चलती है। पंडित कपिल शास्त्री बताते है कि इस वर्ष 2024 में 25 अप्रैल से 29 जून तक शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण मई और जून महीने में कोई विवाह मुहूर्त नहीं है। इसके बाद 9 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक विवाह के 5–6 मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। उसके बाद 16 जुलाई से 11 नवंबर तक चातुर्मास होने के कारण कोई विवाह मुहूर्त नहीं है। 12 नवंबर से 15 दिसंबर तक 15–16 शुभ विवाह मुहूर्त बनेंगे। मुहूर्त न होने के कारण दो माह तक विवाहघरों में सन्नाटा रहेगा। इसमें उन लोगों को ज्यादा दिक्कत होगी, जिन्होंने उत्सव गृह किराये पर लिया है। संकल्प पहारिया, सुरेश माली आदि का कहना है कि वह विवाह से जुड़े काम करते है, उन्होंने विवाहघर किराये पर लिए हैं। हर साल मई और जून माह में खूब सहालग होती रहती है लेकिन इस बार मई और जून माह में एक भी सहालग नहीं है। ऐसे में लागत और किराया निकालना मुश्किल होगा। काम में लगे कर्मचारियों को कैसे भुगतान करेंगे, यह भी बड़ी समस्या है। विवाहघरों के साथ ही बैंड संचालकों की भी दिक्कत होने वाली है। बैंड संचालक रज्जू बताते है कि बैंड वालों के लिए लेबर का भुगतान एडवांस करना होता है। कई कलाकार ऐसे होते है, जिन्हें सालाना के हिसाब से भुगतान करना होता है। ऐसे में मई और जून माह में सहालग न होने से खर्च निकालना भी मुश्किल हो रहा है। बग्घी और घोड़े आदि का खर्चा भी मुश्किल होगा। दुल्हा और दुल्हन सजाने वाले ब्यूटी पार्लर और रेडीमेड दुकानदार भी सहालग न होने से परेशान है। उनका कहना है कि उन्होंने सहालग के हिसाब से नई नई डिजाइन और वैराइटी के कोट, शेरवानी आदि मंगवाए थे। अब दो महीने कैसे खर्च निकलेगा। रंजीत सिंह सरदार का कहना है कि कई माह डिजाइन बदलती है। यदि दो माह बाद डिजाइन बदल गई है तो उनके सामान का नुकसान हो सकता है। हलवाई मनीष का कहना है कि उनके साथ बुकिंग के लिए करीब 25 से तीस लोगों का समूह होता है। मई और जून जैसे महीने बिना सहालग के गुजरने वाले है। हम लोगों का इसी सहालग के मौसम से साल भर का खर्चा चलता है। अब दो महीने सन्नाटे में बैठे रहेंगे। इस बार बुकिंग कम होने से आर्थिक संकट भी गहराएगा।



## दुल्हन पक्ष करता रहा इंतजार नहीं आयी बारात, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

बांदा, (यूएनएस)। जनपद में दहेज में 2 लाख रुपए और बुलेट नहीं मिलने पर शादी के दिन दूल्हे पक्ष के लोग बारात लेकर नहीं पहुंचे। जिसके बाद दुल्हन पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। महिला थाना में दूल्हे समेत उसके परिवार जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। यहां की रहने वाली एक महिला ने पुलिस से शिकायत की है। उसने बताया कि उसने अपनी बेटी का निकाह है तिंदवारी थाना क्षेत्र में तय किया था शुरुआती रस में सब हो गई थी, लेकिन 11 फरवरी निकाह की तारीख तय की गई थी। 31 जनवरी को होने वाला दूल्हा अपने बहनोई के साथ घर आया और ज्यादा दहेज में दो लाख रुपए और बुलेट की मांग करने लगा। लड़की वालों ने देने में असमर्थता जताई तो लड़के वालों ने शादी से मना कर दिया काफी समझाने पर नहीं माना तो लड़की वालो ने सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की और लड़की वालों ने खर्च हुए हर्जाने की मांग की काफी पंचायतों के बाद लड़के वाले शादी करने के लिए तैयार हो गए और बारात लाने को तैयार हो गए। बारात के दिन घर पर टेंट लग चुका था बारातियों के लिए खाना बन चुका था, लेकिन लड़के वाले बारात लेकर नही आए इससे लड़की वालों के काफी पैसा भी खर्च हो गया है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच–पड़ताल में जुट गई।

## स्कूली वाहन वाहन की टक्कर से किसान की मौत

बांदा, (यूएनएस)। खेत की ओर जा रहे वृद्ध किसान को पीछे से आए स्कूल वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते देख ग्रामीणों ने वाहन को चालक समेत पकड़ लिया। उसे पुलिस को सौंप दिया है। चिल्ला थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी राजाराम (55) शुक्रवार को सुबह खेत जा रहे थे। तभी पीछे से आए खाली स्कूल वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। मौके में ही उसकी मौत हो गई। हादसा होते देख ग्रामीणों ने स्कूली वाहन का पीछा कर उसे पकड़ लिया। चालक को पुलिस को सौंप दिया है। भतीजे आरके निषाद ने बताया कि कस्बे के ही एक स्कूल का वाहन है। चालक ने बताया कि उसकी स्टीयरिंग फेल हो गई थी। राजाराम के 10 बीघा जमीन है। वह खेती किसानी करते थे। दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। घर में पत्नी कुसुमा है। चिल्ला थाना इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में किसान की मौत हुई है। चालक को वाहन समेत पकड़ लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

## 2 दिन बाद सकुशल घर लौटा युवक,जलकर मरने की जतायी गई थी आशंका

उरई/जालौन, (यूएनएस)। जालौन में दो दिन पहले झांसी–कानपुर नेशनल हाईवे 27 पर दो डंपर की भिड़ंत हो गई थी। जिसके बाद डंपर में आग लग गई थी। आशंका जताई जा रही थी कि इस हादसे में एक डंपर चालक की जलकर मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने दमकल की मदद से दोनों डंपरों की आग को बुझाया और उसमें से मनुष्य का अवशेष बरामद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने उसको कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। हादसे के दो दिन बाद युवक जिंदा घर लौटा तो घर में खुशियां छा गई। पुलिस को इसकी जानकारी मिली। युवक के घर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। साथ ही जिस अवशेष को पुलिस ने बरामद किया था उसे जांच के लिए झांसी भेज दिया जिससे उसकी सही पहचान हो सके। बुधवार रात को अचानक राहुल सही सलामत अपने घर पिरोना पहुंचा। जहां उसको देखकर पिता लक्ष्मण सिंह, मां उषा देवी और छोटे भाई अजय को यकीन ही नहीं हुआ। जब उन्होंने राहुल को अपने हाथों से गले लगाया। तब उनको पता चला कि जो वह देख रहे हैं वह बिल्कुल सही है। फिलहाल इस बारे में पुलिस को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस ने राहुल से पूछताछ की तो पता चला की घटना के वक्त राहुल डंपर में अकेला था और उसके साथ कोई नहीं था। अब पुलिस इस बात की जांच पड़ताल कर रही है कि ड्राइविंग सीट पर जो अवशेष मिले वह किसके हैं। राहुल ने बताया कि घटना के बाद वह डंपर से कूद गया था और डर की वजह से भाग गया था। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने बताया जो अवशेष मिले थे। उसको पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

## संशिक्षा अकादमी छात्रों के भविष्य का वरदान: नीरज सोनी

### अर्पित कुमार गुप्ता के 99.84, प्रतिमा शुक्ला के 99.75, गौरव पटेल के आये 99.06 परसेंटाइल

रायबरेली। संशिक्षा अकादमी के निदेशक नीरज सोनी ने कहा कि समय की माँग पर संशिक्षा अकादमी की स्थापना की गयी है, यह छात्रों के भविष्य के लिए वरदान साबित हो रही है। संस्थान के छात्र अर्पित कुमार गुप्ता के 99.84, प्रतिमा शुक्ला के 99.75, गौरव पटेल के आये 99.06 परसेंटाइल। संक्षिका अकादमी के 30 से ज्यादा बच्चों ने जे.ई.ई. मेंस में अच्छा रिजल्ट दिया है। इन बच्चों को एन. आई.टी. में दाखिला और जे.ई.ई. एडवांस्ड का एग्जाम देने का मौका मिलेगा। जे.ई.ई. एडवांस में पास होने पर बच्चे आई.आई.टी. में एडमिशन ले सकते हैं। संशिक्षा अकादमी के निदेशक नीरज सोनी, अभिषेक निरंजन और सेंटर हेड संजय कुमार जो खुद आई.आई.टी. कानपुर से बी.टेक. है ने बताया कि संस्थान के दीपेश ने 98.83, आस्था ने 97.31, अभिजीत प्रताप सिंह का 96.35, नील गुप्ता का 96.05, अभिनव श्रीवास्तव का 95.2, अभय गुप्ता 94.2, आर्यन सिंह 94.5, विश्वास सिंह 94.3 सहित अखंड सिंह, आर्यन सोनी, रितिकि, अली हमजा, पलक वर्मा, आयुष यादव, दिव्यांशी ने भी जे.ई.ई. मेंस पास कर लिया। संस्थान ने इसका श्रेय बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता–पिता के अथक प्रयासों को दिया।




## लावारिस शवों का बिना भेदभाव निशुल्क अंतिम संस्कार करवाता है चौहान गुटः मो0 उमर

रायबरेली। जनपद में एक इकलौता व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो कि एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। आज चौहान गुट टीम ने 116वीं लाश का अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम मुंशीगंज में करवाया। विगत दिनों खीरों थाने के अंतर्गत रघुवापुर दुबई ग्रामसभा में एक अज्ञात महिला का लावारिश शव मिला, जिसको लेकर पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु खीरों थाना ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह, पीएनओरू112466637, थाना खीरों जनपद रायबरेली की मौजूदगी में करवाया गया। जिला अध्यक्ष मो0 उमर ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है चौहान गुट। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो. उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, नगर मीडिया प्रभारी निजाम, ड्राइवर गुड्डू आदि लोग मौजूद रहे।



भव्य प्रभात

# मतदान के दूसरे चरण में किसे बढ़त?

पहले चरण में संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया द्वारा बढ़त लेते हुए दिखने के बाद अब इस बात की उत्सुकता बढ़ गई है कि 18वीं लोकसभा के लिये शुक्रवार को होने जा रहे मतदान के दूसरे चरण में कौन आगे निकल जायेगा। यह भी सवाल है कि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके गठबन्धन यानी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) को नुकसान भरपाई करने का मौका मिलेगा या इंडिया इसके बाद ऐसी बढ़त बना लेगा कि भाजपा–एनडीए को उसकी बराबरी कर पाना मुश्किल हो जायेगा? राजनीतिक पर्यवेक्षकों तथा विश्लेषकों का मानना है कि अगर इंडिया ने इस राउंड में एनडीए को पहले जैसी टक्कर दी तो भाजपा का 370 व 400 सीटों के पार जाने का नारा तो हवा में उड़ ही जायेगा, उसे बहुमत (272 का आंकड़ा) के भी लाले पड़ जायेंगे। अनुमान कुछ ऐसे ही बतलाये जा रहे हैं। एक सप्ताह पहले यानी 19 नवम्बर को 21 राज्यों की 102 सीटों के लिये मतदान हुआ था। अब 13 राज्यों की 88 सीटों के लिये मतदान होने जा रहा है। इस चक्र का महत्व सिर्फ इस लिहाज से नहीं है कि इसमें राहुल गांधी (वायनाड–केरल), अरूण गोविल (मेरठ–उत्तर प्रदेश), शशि थरूर (तिरुअनंतपुरम–केरल), कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक–मांड्या) आदि की प्रतिष्ठा दांव पर है या इस राउंड में 16 फीसदी सीटों के लिये लोग मतदान करेंगे, बल्कि वह इसलिये है कि अब लगभग सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि इसमें भी इंडिया को बढ़त मिलने की पूरी सम्भावना है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया की हुई विशाल रैली में दावा किया था कि पहले चरण में विपक्षी गठबन्धन को 80 से 90 सीटें मिल रही हैं। यह सभा वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ 21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। वैसे लोग यह दावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी प्रचार सभाओं में इस्तेमाल की जा रही भाषा से भी कर रहे हैं जिसके स्तर में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज हुई है। प्रथम चरण के मतदान के बाद ही मोदी ने अनेक ऐसी बातें कही हैं जिनसे न सिर्फ उनके पद की गरिमा और भी गिरी है वरन वह समाज के लिये ही खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रचार रैली को सम्बोधित करते हुए 18 वर्ष पहले दिये तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के उस बयान को तोड़–मरोड़कर उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि श्देश के संसाधनों पर पहला अधिकार भारत के वंचितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि का है।श इस बयान को बड़े ही घृणित तरीके से प्रस्तुत करते हुए मोदी ने कहा कि श्अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मंगलसूत्र छीनकर अधिक बच्चे वालों के बीच बांट दिये जायेंगे।श उनका इशारा मुस्लिमों की तरफ था। अगले दिन इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में यह कह दिया कि श्कांग्रेस की नजर आपकी सम्पत्ति पर है।श बुधवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में भी उन्होंने इसी आशय का भाषण दिया– बावजूद इसके कि उनके खिलाफ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। एनडीए के सहयोगी अकाली दल ने भी इस पर आपत्ति जताई है। वैसे तो इस मामले पर उन्हें माकूल जवाब कांग्रेस के कई लोगों की ओर से मिल गया, साथ ही मनमोहन सिंह का असली बयान क्या है, यह भी सामने आ गया है। लोग जान गये हैं कि डॉ. सिंह ने श्मुस्लिमश शब्द का इस्तेमाल ही नहीं किया था। वैसे तो कांग्रेस का न्याय पत्र (घोषणापत्र) जब जारी हुआ था, उसके दूसरे दिन ही मोदी ने इस पर श्मुस्लिम लीग की छापश बतलाई थी। हालांकि यह कोई समझ नहीं पाया कि इसमें ऐसा क्या है जिससे मुस्लिम लीग का असर दिखे। ऐसे ही, कांग्रेस को बदनाम करने के उद्देश्य से उन्होंने देश में संचार क्रांति लाने वाले सैम पित्रोदा के उस बयान को भी तोड़–मरोड़कर पेश किया जिसमें पित्रोदा ने विरासत टैक्स पर बात की थी। इसका सन्दर्भ व अवसर एकदम अलग था लेकिन मोदी उसका भी कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल करने से नहीं चूके। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विरासत टैक्स के नाम से जनता की सम्पत्ति लूट लेगी। स्वयं पित्रोदा ने इसका खंडन किया व अपने बयान को सही रूप में व्याख्यायित कर मोदी के छल को बेनकाब किया है। कांग्रेस ने इसकी भी शिकायत की है। मोदी के लिये वैसे इससे बड़ा संकट कोई हो नहीं सकता क्योंकि उनके सारे दांव उल्टे पड़ रहे हैं और कांग्रेस व विपक्ष उनकी गलतबयानी व असत्य का लगातार पर्दाफाश कर रहा है। इसका असर न सिर्फ मोदी बल्कि सभी भाजपा नेताओं की सभाओं में लोगों की घटती संख्या के रूप में दिख रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं एवं इंडिया गठबन्धन की सभाओं में खचाखच भीड़ है। मोदी व भाजपा की दिक्कतों को इस मायनों में दोहरा होता हुआ कहा जा सकता है कि एक ओर तो कांग्रेस का न्याय पत्र जनता में लगातार लोकप्रिय हो रहा है, तो वहीं इंडिया गठबन्धन टूट तो नहीं ही रहा है, सतत मजबूत हो रहा है। बेशक कहीं–कहीं उसके सामने सीटों के बंटवारे को लेकर अवरोध आ रहे हैं तथा कई कांग्रेसी नेताओं ने ऐसे कठिन दौर में पार्टी भी छोड़ी है लेकिन उसका भाजपा या एनडीए को फायदा होता नहीं दिख रहा है।

# सुधार की तत्काल आवश्यकता

**डॉ. अभय शुक्ला**

कोविड–19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर सम्बंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है। और यह संख्या हर साल बढ़ रही है,खासकर कोविड–19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप–शनाप शुल्क वसूला जाता है। यह परिदृश्य हाल ही में जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर–सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं। अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग–अलग होती हैं – न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग–अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय–समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है। लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए। यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है। बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48फीसदी) में सरकारी अस्पतालों (14फीसदी) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10–15फीसदी अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में ये कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी–भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा। रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैंरू प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकारय चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकारय दूसरी राय लेने का अधिकारय पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकारय गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकारय और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे। भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिकारिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर (कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमजोर संस्करण नहीं) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा, रोगियों की निजी अस्पतालों से सम्बंधित गंभीर शिकायतों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में मेडिकल काउंसिल जैसे मौजूदा तंत्र की विफलता को देखते हुए जरूरी है कि जिला स्तरीय उपयोगकर्ता–अनुकूल शिकायत निवारण प्रणाली शुरू हो, जिसकी निगरानी विविध हितधारकों द्वारा हो। जन स्वास्थ्य अभियान के घोषणापत्र में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर लगाम कसने के साथ–साथ चिकित्सा शिक्षा से सम्बंधित कुछ उपायों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें विशेष रूप से व्यावसायिक निजी मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने की तत्काल आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी फीस सरकारी मेडिकल कॉलेजों से अधिक न हो। इसके अलावा, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार व्यावसायिक निजी संस्थानों की बजाय सरकारी कॉलेजों पर आधारित होना चाहिए। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को स्वतंत्र, बहु–हितधारक समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है। इस निकाय की आलोचना होती रही है कि इसमें विविध हितधारकों के प्रतिनिधित्व का अभाव है, निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत है और चिकित्सा शिक्षा को अधिक व्यावसायिक बनाने का रुझान है। इसके अलावा, राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के पुनर्गठन की भी आवश्यकता है। वर्तमान स्वरूप में यह परीक्षा कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए घाटे का सौदा प्रतीत हो रही है और राज्यों से स्वयं की मेडिकल प्रवेश प्रक्रियाओं को निर्धारित करने की स्वायत्तता छीन रही है। जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक–केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और जरूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है। थाईलैंड के स्वास्थ्य सेवा तंत्र जैसे सफल मॉडलों का उदाहरण लेते हुए, भारत में भी मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक अधिकार–आधारित पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। आज, सभी राजनीतिक दलों को इन परिवर्तनों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जबकि एक नागरिक होने की हैसियत से हमें दृढ़तापूर्वक इनकी मांग करनी चाहिए। भारत में 2024 का विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का यही सबसे उपयुक्त तरीका होगा।

## अब फिटनेस के लिए मूल जिले में नहीं लाना होगा वाहन

हाथरस। प्रदेश के परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को बड़ी राहत दी है। वाहन स्वामियों को फिटनेस जांच के लिए वाहनों को मूल जनपद में नहीं लाना होगा। अब प्रदेश के किसी भी जिले में मौजूद वाहन की फिटनेस जांची जा सकेगी। हालांकि फिटनेस प्रमाणपत्र मूल जनपद से ही जारी होगा। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के 75 जिलों में से कहीं भी वाहनों की फिटनेस जांच कराई जा सकेगी। इसके लिए वाहन स्वामी को दो भागों में शुल्क जमा करना होगा। एक भाग का शुल्क उस जिले के संभागीय परिवहन कार्यालय के लिए कटाना होगा, जहां वाहन मौजूद है। शुल्क का पहला भाग वाहन के परीक्षण के लिए होगा। उस जिले के अधिकारी इस तरह के वाहन की फिटनेस के लिए प्रारूप संख्या 38 की बजाय नये प्रारूप संख्या 38ए पर अपनी परीक्षण रिपोर्ट देंगे। इस रिपोर्ट की तीन प्रतियां होंगी। एक प्रति को विभाग के सिस्टम पर अपलोड किया जाएगा व रिकार्ड में रखा जाएगा। दूसरी प्रति को मूल रूप से 30 दिन के भीतर वाहन स्वामी को मूल कार्यालय में जमा कराना होगा। इसके साथ ही शुल्क का दूसरा भाग ऑनलाइन जमा करा कर रसीद कार्यालय को देनी होगी। नई व्यवस्था में वाहन स्वामी को एक बार मूल कार्यालय में जाना होगा। वाहन को मूल वाहन में नहीं ले जाना पड़ेगा। एनीवेयर फिटनेस के लिए आदेश जारी हो चुके हैं। अब वाहन स्वामी पूरे प्रदेश में कहीं भी अपने वाहन की फिटनेस जांच करा सकते हैं। उसे वाहन मूल कार्यालय में परीक्षण के लिए नहीं लाना होगा। सिर्फ वाहन स्वामी को निरीक्षण कागज देना होगा। इस व्यवस्था से वाहन स्वामियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## जाम में बेहोश होकर गिरा व्यक्ति, उनके हाथ पर से पहिया चढ़ाकर निकल गए वाहन

हाथरस। नयागंज बाजार में बड़ी संख्या में ई रिक्शा और ढकेल आ गए। इसके चलते बाजार में जाम लग गया। जाम इतना जबर्दस्त था कि पैदल निकलने तक की जगह नहीं बची थी। युवक जाम में फंस गया। वह तेज गर्मी सहन नहीं कर पाया और बेहोश होकर गिर गया। सिकंदराराऊ नगर के नयागंज, बड़ा बाजार और चूड़ी मार्केट में लगने वाला जाम राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। 25 अप्रैल की दोपहर में नयागंज बाजार में लगे जाम में फंसे एक एक व्यक्ति गर्मी के चलते बेहोश होकर गिर गए, लेकिन अफसोस की बात है कि उनकी मदद करने की बजाय दोपहिया वाहन चालक जल्दबाजी में उनके हाथ पर होकर वाहन निकालने लगे। इस व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल की दोपहर को नयागंज बाजार में बड़ी संख्या में ई रिक्शा और ढकेल आ गए। इसके चलते बाजार में जाम लग गया। जाम इतना जबर्दस्त था कि पैदल निकलने तक की जगह नहीं बची थी। 50 वर्षीय तेजवीर सिंह जाम में फंस गए। वह तेज गर्मी सहन नहीं कर पाए और बेहोश होकर गिर गए। कुछ बाइक तो उन्हें बचाकर निकल गईं, लेकिन कुछ ने जल्दबाजी में उनके हाथ से ही पहिया चढ़ाकर निकलने की जगह बनाई। बाद में कुछ लोगों ने बेहोश हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। वहां दो घंटे तक उपचार के बाद उन्हें होश आया। गौरतलब है कि नगर में जाम की समस्या को लेकर अमर उजाला ने दो दिन पूर्व ही खबर प्रकाशित की थी, फिर भी नगर पालिका प्रशासन हरकत में नहीं आया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, आठ घायल

हाथरस। सिकंदराराऊ के पास एक ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। आगरा–अलीगढ़ बाईपास के पास 24 अप्रैल की देर शाम को अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों हादसों में आठ लोग घायल हो गए। हाथरस जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में आठ लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। आगरा–अलीगढ़ बाईपास के पास 24 अप्रैल की देर शाम को अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें राम पाल, रिना व इकबा निवासी इगलास घायल हो गए। उन्हें शहर के बागला संयुक्त जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इधर, सिकंदराराऊ के पास एक ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में विमलेश, पूनम, निवासीगण भगत सिंह कॉलोनी और अशोक, धवल सिंह, रिंकू दयाल निवासी सादाबाद घायल हो गए।

## हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आया युवक, हुई मौत, बिजलीघर पर ग्रामीणों का हंगामा

हाथरस। वेदई में बबलू परमार के यहां बेटी की शादी थी। इस दौरान कार्य में जुटे कन्हैया लाल को नलकूप के लिए जा रही हाईटेंशन लाइन से करंट लग गया।

वह बुरी तरह झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए आगरा ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सादाबाद क्षेत्र के गांव वेदई में शादी समारोह के दौरान कार्य करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक मौत हो गई।

गुस्साए ग्रामीणों ने जैतई रोड स्थित बिजलीघर का घेराव किया। नारेबाजी, हंगामा के बाद पुलिस, बिजली विभाग के अफसर मौके पर पहुंच गए। वेदई में बबलू परमार के यहां बेटी की शादी थी। इस दौरान कार्य में जुटे 28 वर्षीय कन्हैया लाल पुत्र मान सिंह को नलकूप के लिए जा रही हाईटेंशन लाइन से करंट लग गया। वह बुरी तरह झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए आगरा ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजन समेत तमाम ग्रामीण जैतई स्थित बिजली घर पहुंच गए। बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि नलकूप के लिए जाने वाली लाइन काफी नीचे है। पहले भी कई लोगों को करंट लगा है। हंगामें की खबर पर पुलिस के साथ विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

# कई बार फ्लॉप हो चुकी है दो लड़कों की जोड़ी : नरेंद्र मोदी

## कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी मौत के बाद भी : नरेंद्र मोदी

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार शाम को शाहजहांपुर पहुंचे। यहां बरेली मोड़ स्थित मैदान में जनसभा के मंच पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हनुमान जी की तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है। कर्नाटक मॉडल यह है कि ओबीसी को जो 27 प्रतिशत कोटा मिला हुआ है, उसी में से मुस्लिमों की जातियों को दे दिया गया है। कर्नाटक के सभी मुसलमानों को एक कागज पर ठप्पा मारकर उन सबको ओबीसी बना दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा मॉडल आपको मंजूर है? प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा वालों ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं थीं। कांग्रेस वाले राम मंदिर बनने से रोक रहे थे। मंदिर निर्माण को रोकने के लिए सपा कांग्रेस ने कई पाप किए हैं। इसके बावजूद इनके पाप माफ करके मंदिर के ट्रस्टी ने घर जाकर निमंत्रण दिया। राम मंदिर का निमंत्रण मिलना सात जन्मों के पुण्य है। इन्होंने इसे भी ठुकरा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले लखनऊ–कानपुर आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा–कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम किया ही नहीं, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं। यही नहीं, सपा वाले तो ऐसे थे कि जो आतंकी जेल में थे उनको जेल से रिहा करवाने के लिए भांति–भांति के कानूनी रास्ते खोज रहे थे।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी... जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है। इनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं? हमारी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता है। कहा कि हमने चार करोड़ गरीबों को पीएम आवास के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाओं के नाम पर बनवाए गए हैं। यही नहीं, हम तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत माता की जय से अपना संबोधन शुरू किया। शाहजहांपुर के शहीदों को नमन किया। कहा कि मैं क्रांतिकारियों की जननी शाहजहांपुर की धरती को नमन करता हूं। 24 का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव सामान्य नहीं है।

# मोदी की जनसभा में पहुंचे लोगों से उतरवाए काले कपड़े,सफेद टी–शर्ट देकर भेजा अंदर

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में शाम पांच बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा होगी। जनसभा में पीएम को जुटने वालों की भीड़ पहुंचना शुरू हो गई है। तलाशी के दौरान गुटखा, पान, सिगरेट और माचिस मिलने पर उनको सभा स्थल के बाहर रखवा दिया गया। साथ ही कई ऐसे भी लोग थे। जो काली शर्ट पहनकर गए थे, लेकिन सभा स्थल के अंदर जाने के लिए उनको अपनी शर्ट को उतारना पड़ा और उसके बाद पुलिसकर्मियों ने उनको सफेद टीशर्ट दी। इसके बाद उनको अंदर प्रवेश दिया गया। सभा स्थल के अंदर लगभग डेढ़ लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था कराई गई है। सभा स्थल के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस लगातार रोड पर लोगों से पूछताछ कर रही है। शाहजहांपुर में बरेली मोड़ स्थित मोदी ग्राउंड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा होगी। पीएम शाम करीब पांच बजे सभा स्थल पर पहुंचेंगे। जनसभा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। सभी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। प्रधानमंत्री को सुनने के लिए भारी संख्या में भीड़ का पहुंचना शुरू हो गया है। सुरक्षा के लिहाज से सभा स्थल के अंदर जाने के लिए कई गेट बनाए गए हैं। जहां पर पुलिसकर्मियों को वहां पर वाले लोगों की तलाशी के लिए लगाया गया है। तलाशी के दौरान लोगों के पास सबसे ज्यादा गुटखा, बीड़ी, सिगरेट और माचिस मिल रही है। जिसको पुलिस सख्ती के साथ उसको सभा स्थल के बाहर फिकवा रही है। जनसभा में किसी तरह की भी चूक न हो। इसके लिए पुलिसकर्मी काली शर्ट पहने लोगों को भी गेट के बाहर रोक रहे है। उनसे काली शर्ट उतरवाकर सफेद टीशर्ट दी जा रही है। सफेद टीशर्ट पहनकर लोग सभा स्थल के अंदर जा रहे हैं। पुलिसकर्मियों ने साफ कर दिया है कि, किसी तरह की काली वस्तुओं को अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। काले बैग भी पुलिसकर्मी अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर बरेली मोड़ से लेकर सभा स्थल के दूसरी ओर तक पुलिस बल तैनात किया गया है। भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आज शाहजहांपुर को नो फ्लाई जोन घोषित किया है। लगातार सीओ से लेकर तमाम अधिकारी रोड पर पैदल गश्त के साथ साथ वाहनों से चलकर संदिग्धों पर नजर बनाए हुए हैं।

# सांसद राजवीर दिलेर पंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में पहुंचीं अलीगढ़–हाथरस की सियासी हस्तियां

हाथरस। भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का 24 अप्रैल शाम देहांत हो गया था। 66 वर्षीय दिलेर दिल के रोगी थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें क्वार्सी के ट्रॉमा सेंटर लाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही सियासी व करीबी लोगों का उनके आवास पर पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह अंतिम संस्कार से पहले भारी भीड़ जमा हो गई। हाथरस संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर का 25 अप्रैल को नुमाइश मैदान स्थित श्मशान गृह में अंतिम संस्कार किया गया। सुरक्षा विहार स्थित घर से उनकी अंतिम यात्रा निकली। उनके पार्थिव शरीर को फूलों से सजी गाड़ी में रखकर लाया गया। इस दौरान गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। अलीगढ़ हाथरस सहित आसपास के कई जिलों की सियासी हस्तियां उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का 24 अप्रैल शाम देहांत हो गया था। 66 वर्षीय दिलेर दिल के रोगी थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें क्वार्सी के ट्रॉमा सेंटर लाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही सियासी व करीबी लोगों का उनके आवास पर पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह अंतिम संस्कार से पहले भारी भीड़ जमा हो गई। अंतिम यात्रा इस दौरान पुलिस की टुकड़ी ने अंतिम यात्रा से पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार की औपचारिकताओं के बाद फूलों से सजी गाड़ी में रखा गया और सुरक्षा विहार स्थित आवास से अंतिम यात्रा शुरू हुई। अंतिम यात्रा सारसौल, जीटी रोड होते हुए नुमाइश मैदान स्थित श्मशान गृह पहुंची। वहां बेटे दीपक दिलेर ने पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान मौजूद लोग उनके सौम्य व्यवहार और राजनीतिक जीवन पर चर्चा करते रहे। राजवीर सिंह दिलेर परिवार की राजनीतिक विरासत पर होती रही चर्चा उनके अंतिम संस्कार में शामिल लोग अब दिलेर परिवार की राजनीतिक विरासत पर चर्चा करते रहे। स्व.किशनलाल दिलेर की विरासत उनके पुत्र राजवीर दिलेर ने संभाली।

अब उनके बाद इस विरासत को कौन संभालेगा। ये चर्चा का विषय रहा। बता दें कि अभी तक उनकी बड़ी बेटी मंजू दिलेर सफाई कर्मचारी आयोग में सदस्य रही हैं। पत्नी रजनी दिलेर ने भी पिछले दिनों इगलास विधानसभा और इस बार हाथरस से लोकसभा टिकट मांगा था। हाथरस सांसद राजवीर दिलेर को श्रद्धांजलि देते प्रभारी मंत्री व गन्ना विकास मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण, विधायक ठा. जयवीर सिंह, एमएलसी चौ. ऋषिपाल सिंह, मंत्री अनूप प्रधान, एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह ये रहे मौजूद प्रभारी मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण, अनूप प्रधान, सांसद सतीश गौतम, विधायक ठा.जयवीर सिंह, अनिल पाराशर, मुक्ता संजीव राजा, राजकुमार सहयोगी, वीरेंद्र सिंह राना, अंजुला सिंह माहौर, एमएलसी ऋषिपाल सिंह, मानवेंद्र प्रताप सिंह।